गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

37/अद्व0शा0प0सं0-22(4)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 28 मार्च, 2014

प्रिय महोदय,

कृपया चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रान्तीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में निदेशक के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.03.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है:-

1. **डा0 रमेश कुमार श्रीवास्तव**
2. **डा0 अशोक कुमार श्रीवास्तव**
3. **डा0 राजेन्द्र प्रताप सिंह**
4. **डा0 रामदास विमल**
5. **डा0 राजेन्द्र सिंह**
6. **डा0 अनिल कुमार**
7. **डा0 सुरेश चन्द्र यादव**
8. **डा0 रेखा कटारा**
9. **डा0 मधुर सिन्हा**
10. **डा0 विनीता सिंह**
11. **डा0 सुषमा योगेश तिवारी**

2. उपरोक्त प्रस्तर-1 में संस्तुत अधिकारियों में से क्रमांक-3, 8 एवं 10 पर अवस्थित अधिकारी क्रमश: डा0 राजेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 रेखा कटारा एवं डा0 विनीता सिंह इसी चयन वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अत: प्राप्त हो रही इन 03 परिणामी रिक्तियों के सापेक्ष भी निम्नलिखित अधिकारियों को निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है:-

1. **डा0 आशा पाण्डेय**
2. **डा0 सुशीला पन्त**
3. **डा0 सिद्धार्थ**

3. चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुतियों के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्तियों के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर जारी किये जायेंगे।

4. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

5. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री प्रवीर कुमार,
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in